# PGA-251026
# Autonomous Examination DEC-2025
# SEMESTER-I
# M.A. - HINDI
# Paper – II ( Prachin Avam Madhyakalin Kavya)

Time : 3 Hours M.M. : 70

*नोट : सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है। प्रश्न के समक्ष अंक एवं शब्द सीमा निर्दिष्ट है।*

***Note: Attempt all questions. Scheme of questions and marks are indicated against the questions.***

## *'खण्ड–अ'*
## *Section-A*

**1.वस्तुनिष्ठ प्रश्न–दिये गये 12 प्रश्नों में से किन्हीं 10 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**(1 x 10 = 10)**

(i) निम्न में से कौन सी रचना विद्यापति की है –

(अ) कीर्तिलता (ब) कीर्तिपताका

(स) विद्यापति पदावली (द) उपर्युक्त सभी

(ii) अमीर खुसरो की रचनाओं को आदिकाल की किस काव्यधारा के अन्तर्गत रखा जाता है –

(अ) रासो साहित्य (ब) सिद्ध साहित्य

(स) लौकिक साहित्य (द) जैन साहित्य

(iii) पद्मावत की भाषा है –

(अ) ब्रजभाषा (ब) अवधी भाषा

(स) खड़ी बोली (द) बुंदेली

(iv) 'भ्रमरगीत सार' सूरदास की किस रचना का अंग है –

(अ) सूरसागर (ब) सूरसारावली

(स) साहित्य लहरी (द) इनमें से कोई नहीं

(v) बिहारी किस काल के कवि हैं –

(अ) आदिकाल (ब) भक्तिकाल

(स) रीतिकाल (द) आधुनिककाल

(vi) प्रेम की पीर के कवि ...................................हैं।

(vii) कबीरदास निर्गुण ............................. शाखा के कवि हैं।

(viii) पंक्ति पूर्ण कीजिए –

मेरो तो गिरिधर गोपाल ............................कोई।

(ix) रामचरित मानस में कुल .........................कांड है।

मैथिल कोकिल ................................को कहा जाता है।

(x) कबीर की कविता भक्ति और आध्यात्म के साथ–साथ समाज–सुधार की भी कविता है। (सत्य/असत्य)

(xi) सूरदास के गुरू रामानुजाचार्य थे। (सत्य/असत्य)



## *'खण्ड–ब'*
## *Section-B*

**2.अति लघुत्तरी प्रश्न (शब्द सीमा 70–100 शब्द) दिये गये पाँच प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**(3 x 3 = 09)**

(i) मीरा का जीवन परिचय लिखिए।

(ii) तुलसीदास की रचनाओं के नाम लिखिए।

(iii) आदिकाल की तीन प्रवृत्तियां लिखिए।

(iv) नागमती वियोग खण्ड के आधार पर पद्मावत में आए बारह महीनों के नाम लिखिए।

(v) सूफी काव्य की दो विशेषताएं लिखिए।

## *'खण्ड–स'*
## *Section-C*

**3.लघु उत्तरी प्रश्न (शब्द सीमा 200–250 शब्द) दिये गये पाँच प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**
व्याख्या संबंधी प्रथम प्रश्न अनिवार्य है– **(6 x 3 = 18)**

(i) निम्नलिखित में से किन्हीं दो की सप्रसंग व्याख्या कीजिए –

(अ) तापस वेष जनक सिय देखी, भयउ प्रेम परितोष विसेषी।
पुत्रि पवित्र किए कुल दोऊ, सुजस धवल जगु कह सबकोऊ।।

(ब) काहे को ब्याहे विदेश अरे लखिय बाबुल मोरे/काहे को ब्याहे बिदेस
भैया को दियो बाबुल महले–दो–महले/हमको दियो परदेस।।

(स) चलन–चलन सबको कहत है, ना जानौ बैकुंठ कहा है।
जोजन एक प्रमिति नहीं जानै, बातनि ही बैकुंठ बखानै।।

(ii) मीरा की भक्ति पर एक टिप्पणी कीजिए।

(iii) रीतिबद्ध, रीतिसिद्ध और रीतिमुक्त काव्यधारा का उदाहरण सहित परिचय प्रस्तुत कीजिए।

(iv) विद्यापति का साहित्यिक परिचय लिखिए।

(v) कबीर की कविता के सामाजिक पक्ष पर प्रकाश डालिए।

## 'खण्ड–द'
## Section-D

**4.दीर्घोत्तरी प्रश्न (शब्द सीमा 500–600 शब्द) दिये गये पाँच प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**(11 x 3 = 33)**

(i) 'विद्यापति श्रृंगारिक कवि हैं', सिद्ध कीजिए।

(ii) कबीर की काव्यगत विशेषताएं लिखिए।

(iii) जायसी के विरह–वर्णन पर प्रकाश डालिए।

(iv) सूरदास के काव्य–वैभव पर प्रकाश डालिए।

(v) "घनानंद प्रेम की पीर के कवि है" सिद्ध कीजिए।

———000———

**PGA-251025**
**Autonomous Examination DEC-2025**
**SEMESTER-I**
**M.A. - HINDI**
**Paper – I (HINDI SAHITYA KA ITIHAS )**

Time : 3 Hours M.M. : 70

*नोट : सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है। प्रश्न के समक्ष अंक एवं शब्द सीमा निर्दिष्ट है।*

## *'खण्ड–अ'*
## *Section-A*

**1.वस्तुनिष्ठ प्रश्न–दिये गये 12 प्रश्नों में से किन्हीं 10 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**(1 x 10 = 10)**

(i) आ. शुक्ल ने आदिकाल का क्या नामकरण किया है ?
(अ) प्राचीन काल (ब) वीरगाथाकाल
(स) अलंकृत काल (द) इनमें से कोई नहीं

(ii) बीजक में किस कवि की रचनाएं संकलित है ?
(अ) कबीर (ब) तुलसी
(स) जायसी (द) उक्त में से कोई नहीं

(iii) हिन्दी साहित्य के इतिहास लेखन की परम्परा का सूत्रपात किसने किया –
(अ) आ. रामचन्द्र शुक्ल (ब) जार्ज ग्रियर्सन
(स) जायसी (द) शिव सिंह सेंगर

(iv) आलवार भक्तों का मूल स्थान कहॉ था ?
(अ) उत्तर भारत (ब) पूर्वोत्तर भारत
(स) दक्षिण भारत (द) महाराष्ट्र

(v) ''सूरदास की भक्ति पद्धति का मेरूदण्ड पुष्टिमार्ग ही है''। यह कथन किसका है –
(अ) प्रभुदयाल मित्तल (ब) डॉ. नामवर सिंह
(स) गणपतिचन्द्र गुप्त (द) आ. रामचन्द्र शुक्ल

(vi) रामचन्द्रिका के रचयिता ...............है।

(vii) लक्षण ग्रंथो का निर्माण करने वाले कवियों को.................. कहा जाता है।

(viii) 'गुरू' के लिए 'पीर' शब्द का प्रयोग ....................... काव्य परंपरा में हुआ है।

(ix) महावीर प्रसाद द्विवेदी ने सरस्वती पत्रिका का संपादन .................. ई. से सॅभाला था।

(x) हिन्दी का प्रथम उपन्यास .....................माना जाता है।



(xi) छायावाद को 'स्थूल के प्रति सूक्ष्म का विद्रोह' डॉ. नगेन्द्र ने कहा है।
(सत्य / असत्य)

(xii) 'अंधेर नगरी' प्रहसन में भ्रष्ट शासन तंत्र पर प्रहार किया गया है।
(सत्य / असत्य)

## *'खण्ड–ब'*
## *Section-B*

**2.अति लघूत्तरी प्रश्न (शब्द सीमा 70–100 शब्द) दिये गये पॉच प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**(3 x 3 = 09)**

(i) प्रगतिवाद पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।
(ii) नई कहानी का स्वरूप स्पष्ट कीजिए।
(iii) रीतिबद्ध काव्य से आप क्या समझते हैं ? इसके प्रमुख कवि कौन–कौन हैं ?
(iv) हिन्दी साहित्य इतिहास लेखन की आधारभूत सामग्री क्या है ?
(v) नाथ साहित्य क्या है ?

## *'खण्ड–स'*
## *Section-C*

**3.लघू उत्तरी प्रश्न (शब्द सीमा 200–250 शब्द) दिये गये पॉच प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**(6 x 3 = 18)**

(i) राम काव्य की सामान्य प्रवृत्तियों का उल्लेख कीजिए।
(ii) हिन्दी साहित्य के आदिकाल के नामकरण के संबंध में विभिन्न विद्वानों के मत प्रस्तुत करते हुए उनकी समीक्षा कीजिए।
(iii) रीतिकाल की सामाजिक, राजनैतिक एवं साहित्यिक पृष्ठभूमि लिखिए।
(iv) सूफी काव्यधारा की सामान्य विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।
(v) प्रमुख निर्गुण संत कवियों का उल्लेख कीजिए।

## *‘खण्ड–द’*
## ***Section-D***

**4.दीर्घोत्तरी प्रश्न (शब्द सीमा 500–600 शब्द) दिये गये पाँच प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**(11 x 3 = 33)**

(i) हिन्दी साहित्य इतिहास लेखन परंपरा का उल्लेख कीजिए।

(ii) भक्तिकाल की प्रमुख प्रवृत्तियों को रेखांकित कीजिए।

(iii) हिन्दी निबंध के उद्‌भव विकास पर प्रकाश डालिए।

(iv) हिन्दी उपन्यास के आरम्भ और क्रमिक विकास का आलोचनात्मक वर्णन कीजिए।

(v) आधुनिक कविता को कितने युगों में विभाजित किया गया है? इसकी विशेषताओं का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत कीजिए।

———00———

# PGA-251027
# Autonomous Examination DEC-2025
# SEMESTER-I
# M.A. - HINDI
# Paper – III (Hindi Bhasha Avam Bhasha Vigyan)

Time : 3 Hours M.M. : 70

*नोट : सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है। प्रश्न के समक्ष अंक एवं शब्द सीमा निर्दिष्ट है।*

***Note: Attempt all questions. Scheme of questions and marks are indicated against the questions.***

***'खण्ड–अ'***

***Section-A***

**1.वस्तुनिष्ठ प्रश्न–दिये गये 12 प्रश्नों में से किन्हीं 10 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**Objective type questions Attempt any 10 questions out of 12 given below.**

**(1 x 10 = 10)**

(i) निम्नलिखित में से भाषा की कौन सी विशेषता नहीं है –
(अ) भाषा परिवर्तनशील है (ब) भाषा अर्जित संपत्ति है
(स) भाषा पैतृक संपत्ति है (द) भाषा की भौगोलिक सीमा होती है

(ii) भाषा की सबसे छोटी इकाई है–
(अ) शब्द (ब) वाक्य
(स) ध्वनि (द) अर्थ

(iii) संवैधानिक आधार पर हिन्दी का दर्जा है –
(अ) राष्ट्रभाषा का (ब) राजभाषा का
(स) संपर्क भाषा का (द) उपरोक्त सभी

(iv) 'ब्रज' किस उपभाषा के अंतर्गत आती है –
(अ) पूर्वी हिन्दी (ब) पश्चिमी हिन्दी
(स) राजस्थानी हिन्दी (द) पहाड़ी हिन्दी

(v) 'विखंडनवाद' के जनक कहे जाते हैं –
(अ) सॉस्यूर (ब) जॉक देरिदा
(स) हडसन (द) टीएस इलियट

(vi) रचना के आधार पर वाक्य के ......................भेद हैं।

(vii) संरचनावाद के जनक ..........................हैं।

(viii) हिन्दी भाषा की लिपि ..............................है।

(ix) भाषा का प्राचीनतम रूप .........................भाषा है।

(x) आधुनिक भारतीय आर्यभाषा का प्रमुख उदाहरण ..................भाषा है।

(xi) 'तेल' शब्द का अर्थ विस्तार हुआ है। (सत्य/असत्य)

(xii) 'क' कण्ठ्य वर्ग की ध्वनि है। (सत्य/असत्य)



***'खण्ड–ब'***

***Section-B***

**2.अति लघुत्तरी प्रश्न(शब्द सीमा 70–100 शब्द) दिये गये पॉच प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**Very Short answer type questions (word limit – 70-100 words) Attempt any three questions out of five given below.**

**(3 x 3 = 09)**

(i) रूपिम किसे कहते है?
(ii) स्वन और स्वनिम का आशय स्पष्ट कीजिए।
(iii) वाक्य के प्रकारों का संक्षिप्त परिचय दीजिए।
(iv) हिन्दी के मानकीकरण से क्या तात्पर्य है ?
(v) भाषा के अंगों के नाम लिखिए।

***'खण्ड–स'***

***Section-C***

**3.लघु उत्तरी प्रश्न(शब्द सीमा 200–250 शब्द) दिये गये पॉच प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**Short answer type questions (word limit – 200-250 words) Attempt any Three questions out of Five given below.**

**(6 x 3 = 18)**

(i) भाषा की प्रमुख विशेषताएँ लिखिए।
(ii) स्वन परिवर्तन के कारणों पर प्रकाश डालिए।
(iii) भाषा विज्ञान की प्रमुख शाखाओं का परिचय प्रस्तुत कीजिए।
(iv) खड़ी बोली की सामान्य विशेषतायें लिखिए।
(v) भारतीय आर्यभाषाओं का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

***'खण्ड–द'***

***Section-D***

**4.दीर्घोत्तरी प्रश्न (शब्द सीमा 500–600 शब्द) दिये गये पॉच प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**Long answer type questions (word limit – 500–600 words) Attempt any three questions out of five given below.**

**(11 x 3 = 33)**

(i) देवनागरी लिपि की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।
(ii) हिन्दी भाषा के विकास पर निबंध लिखिए।
(iii) अर्थ परिवर्तन के कारणों पर विस्तृत प्रकाश डालिए।
(iv) विखण्डनवाद का आशय स्पष्ट करते हुए जॉक देरिदा के योगदान की समीक्षा कीजिए।
(v) अवधी अथवा ब्रज के साहित्यिक विकास पर सोदाहरण प्रकाश डालिए।

–––000–––

**PGS-251072**
**Autonomous Examination DEC-2025**
**SEMESTER-I**
**M.A./M.Sc./M.Com./LLM**
**Paper – IV - (Research Methodology & Computer Application:Basics)**

Time : 3 Hours M.M. : 70

*नोट : सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है। प्रश्न के समक्ष अंक एवं शब्द सीमा निर्दिष्ट है।*

***Note: Attempt all questions. Scheme of questions and marks are indicated against the questions.***

***'खण्ड–अ'***

***Section-A***

**1.वस्तुनिष्ठ प्रश्न–दिये गये 12 प्रश्नों में से किन्हीं 10 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**
**Objective type questions Attempt any 10 questions out of 12 given below.**

**(01 x 10 = 10)**

(i) निम्न में से कौन सा शोध का अंग नहीं है-
(अ) परिकल्पना निर्माण (ब) तथ्यों का संकलन
(स) परिकल्पना का परीक्षण (द) साहित्यिक चोरी
Which of the following is not a part of research?
(a) Hypothesis generation (b) Data collection
(c) Hypothesis testing (d) Plagiarism

(ii) शोध-नैतिकता में शामिल है-
(अ) ईमानदारी और सत्यनिष्ठा (ब) पारदर्शिता
(स) निष्पक्षता (द) उपरोक्त सभी
Research ethics includes -
(a) Honesty and Integrity (b) Transparency
(c) Impartiality (d) All of the above

(iii) किसी विशिष्ट उद्देश्य के लिए शोधकर्ता द्वारा एकत्र की गई मूल जानकारी कहलाती है-
(अ) प्राथमिक स्रोत (ब) द्वितीयक स्रोत
(स) दोनो अ और ब (द) इनमें से कोई नहीं
Original information collected directly by the researcher for a unique purpose-
(a) Primary data (b) Secondary data
(c) Both 'a' & 'b' (d) None of these

(iv) कंप्यूटर का बाहरी ढांचा कहलाता है-
(अ) सॉफ्टवेयर (ब) हार्डवेयर
(स) प्रिंटर (द) इनमें से कोई नहीं



The outer structure of a computer is called-
(a) Software (b) Hardware
(c) Printer (d) None of these

(v) प्रतिचयन का प्रकार है-
(अ) संभाव्यता प्रतिचयन (ब) गैर-संभाव्यता प्रतिचयन
(स) दोनों (द) इनमें से कोई नहीं
The type of sampling is-
(a) Probability sampling (b) Non-probability sampling
(c) Both (d) None of these

(vi) निम्न में से कौन सा इनपुट उपकरण नहीं है-
(a) माउस (b) प्रिंटर
(c) कीबोर्ड (d) स्कैनर
Which of the following is not an input device
(a) Mouse (b) Printer
(c) Keyboard (d) Scanner

(vii) एम. एस.पॉवर प्वाइंट एक ...............सॉफ्टवेयर है|
M.S. Power point is a ………………..software

(viii) शोध प्रश्न को हल करने के लिए डेटा इकट्ठा करने और उसका विश्लेषण करने के तरीके को .............कहते हैं |
The method of collecting and analyzing data to answer a research question is called .............

(ix) किसी बड़े समूह से शोध हेतु चुने गये प्रतिनिधि .........कहलाते हैं |
Representatives selected from a large group for research are called.........

(x) शोध उद्देश्य की पूर्ति हेतु शोध में नैतिकता अत्यंत आवश्यक है| (सत्य/असत्य)
Research Ethics is essential to achieve the research objective. (True/False)

(xi) साहित्य-समीक्षा शोध का अंग नहीं है | (सत्य/असत्य)
Literature review is not a part of research. (True/False)

(xii) गूगल,बिंग,याहू आदि प्रमुख सर्च इंजन हैं| (सत्य/असत्य)
Google, Bing, Yahoo etc. are the major search engines. (True/False)

## *'खण्ड–ब'*
## *Section-B*

**2.अति लघुत्तरीय प्रश्न (शब्द सीमा 70–100 शब्द) दिये गये पॉच प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**Very Short answer type questions (word limit – 70-100 words) Attempt any Three questions out of Five given below. (3 x 3 = 09)**

(i) शोध के उद्देश्य को स्पष्ट कीजिये |
Explain the purpose of the research.

(ii) साहित्यिक चोरी से क्या अभिप्राय है?
What is meant by plagiarism?

(iii) सैम्पल साइज किसे कहते हैं ?
What is sample size?

(iv) ऑपरेटिंग सिस्टम क्या है ?
What is an operating system?

(v) शोध-अन्तराल क्या है?
What is Research-Gap?

## *'खण्ड–स'*
## *Section-C*

**3.लघु उत्तरीय प्रश्न (शब्द सीमा 200–250 शब्द) दिये गये पॉच प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**Short answer type questions (word limit – 200-250 words) Attempt any Three questions out of Five given below. (6 x 3 = 18)**

(i) शोध की परिभाषा लिखिए एवं शोध के विभिन्न चरणों पर प्रकाश डालिए |
Write the definition of research and highlight the various stages of research..

(ii) साहित्य-समीक्षा से क्या अभिप्राय है? शोध हेतु साहित्य-समीक्षा के महत्व पर प्रकाश डालिए |
What is meant by a literature review? Explain the importance of a literature review for research

(iii) कंप्यूटर की संरचना का परिचय प्रस्तुत कीजिये|
Give an introduction to the structure of a computer.

(iv) मात्रात्मक एवं गुणात्मक शोध को उदाहरण सहित पारिभाषित कीजिये|
Define quantitative and qualitative research with examples..

(v) शोध-पत्र प्रकाशन हेतु किन बातों का ध्यान रखा जाना आवश्यक है|
What are the things that need to be kept in mind for publishing a research paper?



## *खण्ड–द'*
## *Section-D*

**4.दीर्घोत्तरीय प्रश्न (शब्द सीमा 500–600 शब्द) दिये गये पाँच प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**Long answer type questions (word limit – 500-600 words) Attempt any three questions out of five given below. (11 x03 = 33)**

(i) शोध की विभिन्न पद्धतियों पर प्रकाश डालिए|
Highlight various methods of research.

(ii) शोध-नैतिकता क्या है? शोध-नैतिकता के वैशिष्ट्य पर प्रकाश डालिए|
What is research ethics? Highlight the salient features of research ethics.

(iii) शोध-प्रारूप किसे कहते हैं? शोध प्रारूप के विभिन्न अंगों पर प्रकाश डालिए|
What is a research design? Explain the various components of a research design.

(iv) 'शोध कार्य में कंप्यूटर की भूमिका' विषय पर निबंध लिखिए |
Write an essay on the topic 'Role of computer in research work'.

(v) शोध के विभिन्न उपकरणों और उनके महत्व पर विस्तृत टिप्पणी कीजिये|
Comment in detail on various tools of research and their importance.

**---000---**

**PGA-251028**
**Autonomous Examination DEC-2025**
**SEMESTER-I**
**M.A. - Hindi**
**Paper - V (Sant Kavi Kabir Das)**

Time : 3 Hours | M.M. : 70

***नोट : सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है। प्रश्न के समक्ष अंक एवं शब्द सीमा निर्दिष्ट है।***

## *'खण्ड–अ'*

**1.वस्तुनिष्ठ प्रश्न–दिये गये 12 प्रश्नां में से किन्हीं 10 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**
**(01 x 10 = 10)**

(i) 'कबीर' पुस्तक के लेखक हैं–
(अ) रामचंद्र शुक्ल (ब) श्यामसुंदर दास
(स) हजारी प्रसाद द्विवेदी (द) डॉ. धर्मवीर

(ii) कबीर को 'वाणी का डिक्टेटर' किसने कहा है?
(अ) हजारी प्रसाद द्विवेदी (ब) परशुराम चतुर्वेदी
(स) रामस्वरूप चतुर्वेदी (द) धर्मवीर

(iii) 'प्रतिभा उनमें बड़ी प्रखर थी इसमें संदेह नहीं'– कबीर के बारे में यह कथन किसका है?
(अ) रामचंद्र शुक्ल (ब) माता प्रसाद गुप्त
(स) हजारी प्रसाद द्विवेदी (द) धर्मवीर

(iv) निम्न में से कौन सा कबीर द्वारा नहीं लिखा गया है –
(अ) साखी (ब) सबद
(स) रमैनी (द) साहित्य लहरी

(v) कबीर की सामाजिक चेतना और कविता को 'बाई प्रोडक्ट' किसने कहा है?
(अ) हजारी प्रसाद द्विवेदी (ब) रामचंद्र शुक्ल
(स) श्यामसुंदर दास (द) परशुराम चतुर्वेदी

(vi) ढ़ाई आखर .................... का, पढ़ै सो पंडित होय।

(vii) हरि मोरा पिऊ मैं हरि की .................।

(viii) कविरा कुता..................का।

(ix) पाहन पूजै हरि मिलै तो मैं पूजूं..................

(x) दसरथ सुत तिहुं लोक बखाना, राम नाम का मरम है....................

(xi) अंतः साधना पर कबीर का जोर है। (सत्य/असत्य)

(xii) कबीर की कविता में सूफियों के भावात्मक रहस्यवाद का प्रभाव दिखाई पड़ता है। (सत्य/असत्य)

## *'खण्ड–ब'*

**2.अति लघुउत्तरीय प्रश्न (शब्द सीमा 70–100 शब्द) दिये गये पॉच प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**
**(3 x 3 = 09)**

(i) कबीर के जीवन से संबंधित किंवदंतिया क्या है? संक्षेप में बताइए।

(ii) कबीर का गुरू किसे मानना चाहिए? साक्ष्यों के आधार पर स्पष्ट कीजिए।



(iii) कबीर की कविता सामाजिक आडम्बरों का विरोध करती है–साक्ष्यों के आधार पर इसे स्पष्ट कीजिए।

(iv) 'विरह कौ अंग' का भाव सौंदर्य लिखिए।

(v) कबीर को संत काव्य का प्रतिनिधि कवि क्यों मानना चाहिए?

## *'खण्ड–स'*

**3.लघु उत्तरीय प्रश्न (शब्द सीमा 200–250 शब्द) दिये गये पॉच प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**
**प्रथम प्रश्न अनिवार्य है।** **(6 x 3 = 18)**

**निम्नलिखित अनुच्छेदों में से किन्हीं दो की सप्रसंग व्याख्या कीजिए (शब्द सीमा 100–125)**

(i) (अ) सतगुर की महिमा अनंत–अनंत किया उपगार
लोचन अनंत उघाड़िया, अनंत दिखावणहार
राम नाम के पटंतरे, दैबे को कुछ नाहिं
क्या ले गुर संतोषिए, हौंस रही मन माहि□

(ब) रात्यूँ रूती बिरहनी, ज्यूं बंचौ कूं कुंज
कबीर अंतर प्रजल्या, प्रगट्या विरहा पुंज।
अंबर कुंज कुरलिया, गरजि भरे सब ताल
जिनि पै गोबिंद बीछुटे, तिनके कौन हवाल□

(स) संतो भाई आई ग्यांन की आँधी रे
भ्रम की टाटी सबै उड़ानी माया रहै न बांधी।
हित चित की द्वै थूनीं गिरांनी, मोह बलींड़ा टूटा
त्रिस्ना छांनि परी घर उपरि, कुबुधि का भांडा फूटा ।

(ii) 'कबीर की सामाजिकता' बाई प्रोडक्ट नहीं है। सिद्ध कीजिए।

(iii) कबीर की काव्य भाषा पर टिप्पणी कीजिए।

(iv) तुम जिनि जानहु गीत है, यह निज ब्रह्म विचार – इन पंक्तियों के आधार पर कबीर की भक्ति पर विचार कीजिए।

(v) कबीर के राम का मर्म स्पष्ट कीजिए।

## *'खण्ड–द'*

**4.दीर्घोत्तरीय प्रश्न (शब्द सीमा 500–600 शब्द) दिये गये पाँच प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **(11 x 03 = 33)**

(i) कबीर के काव्य की लोकधर्मिता पर विचार कीजिए।

(ii) कबीर की रचनाओं की विभिन्न पाठ परंपराओं और उनकी प्रासंगिकता पर विचार कीजिए।

(iii) कबीर की प्रासंगिकता पर टिप्पणी कीजिए।

(iv) कबीर के रहस्यवाद पर विचार कीजिए।

(v) कबीर की विचारधारा पर एकेश्वरवाद और अद्वैत वेदांत का स्पष्ट प्रभाव था– इस कथन की आलोचना कीजिए।

———000———